तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 9 सितंबर 2025



14 धूमधाम से किया गया भगवान श्री गणेश का विसर्जन





12 मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम लाखों की ठगी...






## खबर संक्षेप

### कृषि केंद्र का लाइसेंस 15 दिनों के लिए निलंबित

**बेमेतरा।** जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी, तस्करी, जमाखोरी एवं नकली खाद के विक्रय पर रोक लगाने कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में उर्वरक निरीक्षक देवानंद देवांगन, विकास खंड बेरला ने ग्राम सरदा स्थित मेसर्स मनोज कृषि केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कंध पंजी एवं बिल बुक का संधारण नहीं करने तथा पीओएस स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में अंतर जैसी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। इन अनियमितताओं को देखते हुए उर्वरक निरीक्षक ने प्रकरण को निलंबन के लिए अनुशंसा की। अनुशंसा पर कार्रवाई करते हुए प्राधिकृत अधिकारी सह उप संचालक कृषि, जिला बेमेतरा मोरध्वज डड़सेना ने उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 की धारा 31 के तहत मेसर्स मनोज कृषि केन्द्र का उर्वरक प्राधिकार पत्र क्रमांक एफ 13-14-5, वैधता दिनांक 29.03.2027 को 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में संबंधित केन्द्र पर उर्वरक का भण्डारण एवं विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

### चार डीजे वाहन और एक लाइट सेट जब्त

**भिलाई।** गणेश उत्सव के अवसर पर मानक से तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर दुर्ग पुलिस ने डीजे संचालकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 4 डीजे वाहन, 1 लाइट ट्रस्ट सेट जब्त किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दुर्ग पुलिस ने गणेश उत्सव के पहले ही सभी डीजे संचालकों को बुलाकर उनकी एक बैठक ली थी। बैठक में उन्हें निर्देश दिए गए थे कि आगामी त्यौहारों एवं धार्मिक कार्यक्रमों उन्हें नियम और कानून का पालन करना है। पुलिस ने गणेश उत्सव के दौरान पाया कि कुछ डीजे संचालक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। गणेश विसर्जन कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा वाहन में साउंड सेटअप लगाकर तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा है। इस पर पुलिस की टीम ने 4 डीजे संचालकों के खिलाफ और आम रास्त पर लाइट ट्रस्ट सेंट लगाकर आम रास्ता को बाधित करने पर लाइट ट्रस्ट सेट संचालक के खिलाफ जप्ती की कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने संबंधित गणेशोत्सव समिति के सदस्य के खिलाफ भी कोलाहल अधिनियम तथा धारा 285 बीएनएस के तहत कार्रवाई की है।

### चाकू दिखाकर धमकाने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने धारदार चाकू दिखाकर लोगों डराने धमकाने वाले दो अलग अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 7 सितंबर को थाना सिटी कोतवाली पुलिस को दबे पेट्रोल पंप के पास रोड में एक व्यक्ति धारदार चाकू लेकर लोगों को डराते हुए दिखा। पुलिस ने घेराबंदी करके उसे गिरफ्तार किया।

# ग्राम मटका में 52 लाख की लागत से बनेंगी सड़क व नालियां, बदलेगी गांव की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधायक दीपेश साहू के निज निवास कार्यालय भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम में ग्राम मटका के ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना अंतर्गत ग्राम मटका में सीसी रोड सह नाली निर्माण हेतु 52 लाख 1 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने पर विधायक साहू का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से गांव में सड़क व नाली की समस्या बनी हुई थी। बरसात के दिनों में कीचड़ और पानी भरने से आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार इस समस्या को लेकर प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से निवेदन किया गया, लेकिन ठोस समाधान नहीं निकल पाया। अब इस स्वीकृति से ग्रामवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और विकास की नई राह खुलेगी।इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक साहू का धन्यवाद करते हुए कहा कि विधायक दीपेश साहू जी ने हमारी पुरानी समस्या को गंभीरता से लिया और सरकार से स्वीकृति दिलवाई। अब गांव की तस्वीर बदलेगी और हम सभी ग्रामवासी उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने ग्रामीणों से कहा –आप की समस्याएं मेरी समस्याएं हैं। ग्राम मटका की सड़क और नाली की समस्या लंबे समय से थी, जिसके समाधान के लिए मैंने लगातार प्रयास किया।

## विधायक दीपेश साहू ने ग्रामीणों से कहा - आप की समस्याएं मेरी समस्या है



### मेरा संकल्प है गांवों को गुलजार करना

मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के अंतर्गत मिली यह स्वीकृति केवल शुरुआत है। मेरा संकल्प है कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़क, नाली, पेयजल व शिक्षा की बेहतर व्यवस्था हो। आपके विश्वास और सहयोग से ही हम विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। विधायक ने आगे कहा कि वे क्षेत्र के प्रत्येक गांव और कस्बे के विकास हेतु कृतसंकल्पित हैं और आने वाले समय में और भी विकास कार्यों की सौगात मिलेगी। इस दौरान सरपंच मनाराम साहू, हाई स्कूल अध्यक्ष सत्रुहन यदु, सांसद प्रतिनिधि गया राम साहू, बूथ अध्यक्ष द्वारका ध्रुव, मुन्ना यदु, धन्नु साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

**हादसा**

घायलों का इलाज जारी

# पिरदा-गब्दा मार्ग पर मजदूरों से भरी गाड़ी पलटी, 10 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



प्रशासन द्वारा तमाम यातायात योजनाओं के प्रचार-प्रसार और संचालन के पश्चात भी माल वाहक गाड़ियों पर चढ़कर मजदूरों की भीड़ भरी यात्रा जिले में थमने का नाम नही ले रहा है। जिससे आए दिन मजदूरों से भरी गाड़ियों के सहित मजदूरों के साथ कई हादसे होते हुए नजर आते है। बता दें कि कण्डरका चौंकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिरदा से आश्रित ग्राम गब्दा के बीच वहां छोटा हांथी से भरे 20 मजदूर गाड़ी सड़क की जर्जरता के कारण अचानक पलट गई। जिससे महिलाओं को चोटिल व घायल हो गए। वही स्थानीय ग्रामवासीयों का कई सालों से मांग उठ रही है। इसके बाद भी शासन प्रशासन चैन की नींद सोये हुए है।

लोगों का मानना है कि शासन प्रशासन बड़ी दुर्घटना घटने की समय देख रहे होने की कब किसी परिवार की दीये बुझे फिर इज्ना अंतर्गत कार्य व प्रस्ताव बना कर सड़क की मरम्मत की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार वाहन में 20 महिला मजदूरों से भरे वाहन के पलटने का एक मामला रविवार को पिरदा-गब्दा भिंभौरी मार्ग जो कि पिछले कई वर्षों से जर्जर है। सभी महिला मजदूर बारगांव निवासी है। आद्यौगिक क्षेत्र उरला की ओर किसी कारखाने में काम करने के लिए जा रही थी। ग्राम गब्दा-पिरदा जर्जर मार्ग के निर्माण के लिए ग्राम विकास समिति गब्दा के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, वर्तमान विधायक दीपेश साहू, बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा, दुर्ग लोकसभा सासंद विजय बघेल को भी ज्ञापन डे चुके है। मगर सड़क निर्माण का कार्य ग्रामीणों के तमाम प्रयासों के बावजूद एक पग भी आगे नही बढ़ रहा है। मामले को लेकर क्षेत्र के कई ग्रामवासियों सहित गब्दा पिरदा निवासी वर्षों से परेशान है।

## सड़क हादसा में कार सवार एक की मौत, तीन घायल





**बेमेतरा/कोदवा।** दुर्ग-बेमेतरा राजमार्ग के ग्राम कोदवा केशडबरी के बीच दर्दनाक सड़क हादसा होने से कार में सवार एक युवक की मौत और तीन घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस चौंकी देवरबीजा क्षेत्र की बात है जहां चार दोस्त अपनी गाड़ी सीजी 25 के 5310 में सवार चार सांथी भिलाई से रौद्रा घुटमुरा जा रहे थे। वही राजमार्ग दुर्ग बेमेतरा के ग्राम कोदवा केशडबरी के बीच अचानक गाड़ी की रफ्तार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। जिससे कार वाहन मालिक भीष्मा यादव चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वही अन्य उसके तीन सांथी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे मौके पर उपचार के लिए नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरबीजा में भेजा गया। इस घटना की जानकारी निकटवर्तीय पुलिस चौंकी देवरबीजा को सूचना देने पर घटना स्थल में पुलिस टीम पहुंचे। वही कार सफेद कलर की है जो दुर्घटना होने से काफी क्षतिग्रस्त पहुंचा है। दुर्घटना होने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच थाना और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सूचना दिया गया। इस संबंध में पुलिस चौंकी देवरबीजा में मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है

# आबकारी विभाग की कार्रवाई अवैध शराब जब्त, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर ग्राम जिया के वार्ड में एक आरोपी मोरध्वज वर्मा के घर दबिश दी गई, जहां से 5.40 बल्क लीटर शराब बरामद हुई, जिसका बाजार मूल्य लगभग 3400 रुपये आंका गया।

आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) और 34(1)(ख) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है । इसके अतिरिक्त अन्य कार्यवाहियों में धारा 34(1)(ख) के तहत तीन प्रकरण दर्ज किए गए। पहले प्रकरण में 16 नग पाव मसाला (2.88 लीटर) बाजार मूल्य 1600 रुपए, दूसरे में 07 नग पाव बाम्बे टू गोवा (1.26 लीटर) बाजार मूल्य 840 रुपए तथा तीसरे में 25 नग पाव मसाला (4.5 लीटर) बाजार मूल्य 2500 रुपए जब्त किए गए। इसी प्रकार अवैध अहाता संचालन पर भी धारा 36(सी) के तहत कार्रवाई की गई, जिसमें विभिन्न मात्रा में डी.एम.एम. एवं देसी प्लेन मदिरा कुल 3 लीटर से अधिक जब्त कर सील किया गया। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वीणा भंडारी, आरक्षक संतोष अहिरवार तथा वाहन चालक पूर्णानंद सोम का योगदान रहा। आबकारी विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि अवैध शराब के धारण, संग्रहन एवं विक्रय की सूचना तत्काल आबकारी विभाग की दे ताकि अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जा सके।

### सिक्ख समाज पटना साहिब तीर्थ यात्रा के लिए रवाना होगा

**बेमेतरा।** सिक्ख समाज का रविवार को पटना साहिब बिहार के लिए तीर्थ यात्रा पर रवाना होगी। इस यात्रा का नेतृत्व बेमेतरा सिक्ख समाज जिला अध्यक्ष हरदीप सिंघ राजा छाबड़ा करेंगे। यात्रा के जत्थेदार इंदर सिंघ दत्ता, यश सिंघ सलूजा और वरिष्ठ समाज सेवक गुरप्रीत कौर शैली छाबड़ा हैं। इस यात्रा का उद्देश्य श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के सर्वोच्च बलिदान शहादत को याद करना एवं सिक्ख धर्म के धार्मिक स्थलों का दर्शन करना है । इस दौरान अखंड चौपाई साहिब के पाठ का आयोजन किया गया, जो 3 दिन 36 घंटे तक चला और आज रात 8:30 बजे संपूर्ण होगा। पाठ की समाप्ति के बाद अरदास आगामी 9 सितंबर मंगलवार को पटना साहिब बिहार गुरुद्वारा में होगी। बताया गया कि यात्रा श्री गुरु ▶▶| शेष पेज 13 पर

# जिले के मेमोरी ट्रेनर डॉ. अवधेश पटेल दिल्ली में करेंगे मेगा मेमोरी वर्कशॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



बेमेतरा के प्रसिद्ध मेमोरी ट्रेनर डॉ. अवधेश पटेल को दिल्ली के मुनि इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय 'मेगा मेमोरी वर्कशॉप' आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह कार्यशाला 9 और 10 सितंबर, 2025 को मोहन गार्डन, उत्तम नगर स्थित स्कूल में होगी। मेगा मेमोरी, समाधान कॉलेज के संस्थापक और निदेशक, डॉ. पटेल पिछले 21 वर्षों से मेमोरी ट्रेनिंग के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने भारत के 15 से अधिक राज्यों में हजारों छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को प्रशिक्षित किया है। उनकी प्रशिक्षण पद्धतियों ने छात्रों को असाधारण परिणाम दिए हैं, जिनमें 200 से अधिक पन्नों की किताबें और भारतीय संविधान के अनुच्छेदों को याद करना शामिल है। उनकी तकनीकें डीडी नेशनल, आकाशवाणी और ज़ी न्यूज़ जैसे राष्ट्रीय मीडिया पर भी प्रसारित हो चुकी हैं।

### मुनि इंटरनेशनल स्कूलः शिक्षा में नवाचार का प्रतीक

मुनि इंटरनेशनल स्कूल, जिसके संस्थापक डॉ. अशोक ठाकुर हैं, शिक्षा जगत में अपने नवाचारों और गुणवत्ता के लिए जाना जाता है। इस स्कूल को कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं, जिनमें यूनेस्को द्वारा विश्व के शीर्ष 15 शिक्षा मॉडलों में स्थान पाना और जापान सरकार का भारत में एकमात्र सहयोगी विद्यालय होना शामिल है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह कार्यशाला छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए स्मरणशक्ति, एकाग्रता और आत्मविश्वास बढ़ाने का एक बेहतरीन अवसर होगी।

# पीएम श्री सेजस देवकर के खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर




पाटन में आयोजित 25वीं शालेय राज्य स्तरीय फेंसिंग (तलवारबाजी) प्रतियोगिता में, देवकर के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय की दो छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा के लिए जगह बना ली है।

रूही शर्मा कक्षा 7 इन्होंने 14 वर्ष बालिका आयु वर्ग में टीम इवेंट में रजत पदक और व्यक्तिगत इवेंट में कांस्य पदक जीता। प्रियल गुप्ता इन्होंने व्यक्तिगत इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त किया। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 4 से 7 सितंबर तक पाटन में आयोजित हुई, जिसमें राज्य के 5 संभागों से लगभग 350 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। समापन समारोह में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने इन विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। ये दोनों छात्राएं अब नवंबर में महाराष्ट्र में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने यह उपलब्धि विद्यालय के व्यायाम शिक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन में हासिल की। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार डहाले ने इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों का इस तरह का प्रदर्शन पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। स्कूल की शाला प्रबंधन और विकास समिति के अध्यक्ष रविशंकर सोनी, उपाध्यक्ष संजीव साहू और अन्य सदस्यों ने भी छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जिले के भेंडरवानी स्कूल में फास्ट रीडिंग चैलेंज का हुआ आयोजन

# प्रत्येक विद्यार्थी पढ़ने-लिखने में हों निपुण: सनत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



साजा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय भेंडरवानी में सोमवार को फास्ट रीडिंग हिन्दी क्लब के बैनर तले फास्ट रीडिंग चैलेंज का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा तथा सहायक शिक्षक सनत कुमार साहू ने किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा पहली से पाँचवी तक के सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

बच्चों का वाचन स्तर उनके कक्षा अनुसार तय किया गया था। कक्षा पहली के बच्चों को वर्णमाला वाचन, कक्षा दूसरी के बच्चों को शब्द वाचन, कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों को अनुच्छेद वाचन, कक्षा चौथी के विद्यार्थियों को व कक्षा पाँचवी के विद्यार्थियों को कहानी वाचन कराया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने अद्भुत आत्मविश्वास और जोश के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणाम में विजयी छात्राओं में कक्षा पहली से खुशबू, कक्षा दूसरी से वर्षा, कक्षा तीसरी से स्वाती, कक्षा चौथी से गीता, कक्षा पाँचवी से चुलेश्वरी है। सभी विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### पढ़ने की कला में निपुण हों

बच्चों के चेहरों पर सम्मान पाकर उत्साह और आत्मविश्वास झलक रहा था। प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि फास्ट रीडिंग न केवल भाषा कौशल को प्रखर बनाती है बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, स्मरण शक्ति और अभिव्यक्ति क्षमता को भी बढ़ाती है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होती हैं। सहायक शिक्षक सनत कुमार साहू ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक बच्चा न केवल पढ़ना सीखे बल्कि तेज और स्पष्ट पढ़ने की कला में भी निपुण हो। इसी दिशा में हिन्दी क्लब के माध्यम से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# साजा विस क्षेत्र में भाजपा के तीनों मंडलों की नई कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी लाने के लिए तीनों मंडलों की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। साजा, परपोड़ी और खमरिया मंडलों के अध्यक्षों ने अपनी नई टीम की घोषणा कर दी है। लंबे समय से चल रहे इंतजार के बाद, मंडल कार्यकारिणी के गठन से अब संगठन के कार्यों में और अधिक गति आने की उम्मीद है। सोमवार को सभी मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू साजा, केशौ पटेल परपोड़ी और नारद वर्मा खमरिया अपने पदाधिकारियों के साथ विधायक निवास पहुंचे और विधायक ईश्वर साहू से मुलाकात की। विधायक ईश्वर साहू ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि /"सत्ता और संगठन मिलकर एक साथ चलेंगे और क्षेत्र के विकास में नए आयाम लिखेंगे।

पूर्व मंडल अध्यक्ष बल्लू साहू ने कहा कि मीडिया पर कोई भी टिप्पणी करने से पदाधिकारी बचे। इस दरमियान जन भागीदारी अध्यक्ष लुकराम साहू, सांसद प्रतिनिधि सोनू पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष बल्लू साहू, जनपद अध्यक्ष जितेंद्र साहू, राजू शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### लीव काम्बिनेशन मुद्दे का जल्द हो निदान

**भिलाई।** बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने कर्मचारियों के लीव कांबीनेशन और हायर पेंशन आदि लंबित मुद्दों से प्रबंधन का ध्यानाकर्षितक करते हुए जल्द निदान की मांग की है। समस्याओं से कर्मियों की परेशानियों से अवगत कराते हुए राहत की मांग की है। इस मामले में कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। यूनियन अध्यक्ष उज्जवल दत्ता के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कार्यपालक निदेशक से चर्चा कर जल्द सभी मुदों के समाधान की मांग की। दत्ता ने बताया कि संयंत्र कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को रखते हुए कहा कि कर्मचारियों के एसईएस बीएफ फंड में जमा राशि को एनपीएस में डालने की स्थिति में कर्मचारियों के हितों एवं उनके फायदा- नुकशान की ओर संयंत्र प्रबंधन द्वारा अत्यधिक ध्यान दिये जाने की जरूरत है। कर्मचारियों के लीव कांबिनेशन का मामला भी 6 महीने से प्रबंधन के पास लंबित है जिसे तुरंत निराकरण किया जाना चाहिए। वहीं बोरिया गेट नाइट शिफ्ट में प्लांट के अंदर जाने वाले कर्मचारियों के लिए 9:30 बजे खोला जाता है।

### गुरु-शिष्य परंपरा और नैतिक जीवन मूल्यों पर की गई समीक्षा

**भिलाई।** निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक बलदाऊ राम साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक और सामाज सेवी नागेन्द्र साहू शिक्षक सम्मान के लिए विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही आश्रम के अध्यक्ष आत्मा राम साहू और ट्रस्टी डॉ हीरालाल साहू ने भी शिरकत की। सभी अतिथियों ने संत कबीर को गुरु के रूप में समाज को अच्छा पथ प्रदर्शक मानते हुए कहा कि कबीर की वाणी को हम हमेशा आत्मसात करते हैं। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए बच्चों को प्रेरित करने के लिए अपनी बात रखी गई। आज के परिपेक्ष्य में शिक्षक और बच्चों के बीच नैतिक विकास किस प्रकार हो, इस पर चिंतन मनन भी किया गया। कार्यक्रम में गुरु और शिष्य परम्परा पर भजन तिलक वर्मा, कुमार भारद्वाज और डॉली साहू ने भजनों की प्रस्तुति दी।

### स्टूडेंट्स ने 1 दिन के लिए शिक्षक बनकर कराया अध्यापन का कार्य

**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 12वीं के विद्यार्थियों ने एक दिन के लिए शिक्षक बनकर अध्यापन कार्य किया और शिक्षकों को पेन और श्रीफल देकर सम्मानित किया। साथ ही बच्चों द्वारा समूह गान, नृत्य और भांगड़ा की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों को उत्कृष्टता और योग्यता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें नीता दास हिंदी, महेंद्र कुमार बोरकर, धर्मेंद्र यादव इतिहास, बिंदु शिवराजन गणित, सतविंदर कौर गणित, राहत तसनीम गणित, बंदिनी साहू गणित, डॉ. राखी श्रीवास्तव हिंदी, राजेश कुमार विज्ञान और प्रकाश कुमार देवांगन शामिल रहे।

---

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के विशाल अभिनंदन समारोह में शामिल हुए शिक्षा मंत्री

# सरकार की योजनाओं से जुड़ें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं : मंत्री गजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव रविवार को रिसाली दशहरा मैदान भिलाई में आयोजित छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के विशाल अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। मंत्री श्री यादव के पहुंचने पर समाज की पारंपरिक टोली ने नाचते-गाते हुए उनका जोरदार स्वागत किया। समारोह में मंत्री को विशेष पारंपरिक वेशभूषा पहनाई गई और उनके हाथ में सजी हुई लाठी भी भेंट की गई, जो यादव समाज की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है।

मंत्री यादव को विभिन्न जिलों से आए यादव समाज के गणमान्य लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि समाज की एक बड़ी आबादी आज भी आर्थिक रूप से कमजोर है, जिसे आगे लाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं का लाभ लेकर यादव समाज के लोग आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं और समाज को एक नई दिशा दे सकते हैं।

**मंत्री को विशेष पारंपरिक वेशभूषा पहनाई गई और उनके हाथ में सजी हुई लाठी भी भेंट की**





### बच्चों को करें शिक्षित

मंत्री यादव ने समाज के लोगों से आग्रह किया कि वे सरकार की योजनाओं से जुड़ें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। यदि परिवारों को समृद्ध बनाना है, तो बच्चों को अच्छी शिक्षा देना और उन्हें जागरूक बनाना आवश्यक है। उन्होंने यादव समाज के लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को शिक्षित करें और सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इससे न केवल परिवार का विकास होगा, बल्कि पूरे समाज का उत्थान भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने समाज के लिए विभिन्न स्थलों पर चार सामुदायिक भवनों के निर्माण हेतु प्रत्येक को 20-20 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने 5 लाख रुपये की स्वेच्छानुदान राशि देने की भी घोषणा की।

### महिला छात्रावास के लिए 30 लाख की घोषणा



दुर्ग स्थित पचरीपारा में कोसरिया यादव समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भी शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने यादव महिला छात्रावास के निर्माण के लिए 30 लाख रुपये देने की घोषणा की, जिससे समाज की छात्राओं को आवासीय सुविधा प्राप्त हो सकेगी। इसके साथ ही उन्होंने पाटन सरपंच की मांग पर शासकीय प्राथमिक शाला परेवाडीह में संचालित विद्यालय के जीर्णोद्धार की भी घोषणा की, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, झेरिया यादव समाज प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव, प्रदेश संरक्षक जगतराम यादव व सुकालु राम यद्दु, प्रदेश उपाध्यक्ष झेरिया यादव समाज भगत सिंह यादव, रिसाली पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेन्डे, प्रदेश सचिव सुंदर लाल यादव सहित यादव समाज के जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

---

# टीचर्स एसोसिएशन ने रखी 11 सूत्रीय मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

छत्तीसगढ़ के शिक्षकों की वर्षों से लंबित समस्याओं और उनकी पीड़ा को सामने रखते हुए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। संघ ने स्पष्ट कहा है कि शिक्षक समाज प्रदेश की रीढ़ है, लेकिन आज वही रीढ़ असुरक्षा और उपेक्षा के दर्द से गुजर रही है।

■ शिक्षा मंत्री गजेंद्र को सौंपा मांग पत्र

ज्ञापन में कहा है कि कि वर्ष 2018 और 2028 से पूर्व भर्ती शिक्षकों का नियमितीकरण अब तक नहीं हुआ है। सेवा में वर्षों गुजार चुके शिक्षक आज भी अस्थायी की तरह काम कर रहे हैं, जो उनके आत्मसम्मान और भविष्य दोनों के साथ अन्याय है। साथ ही, 20 वर्ष सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को समयमान वेतनमान और एसीपी का लाभ नहीं मिलना उनकी मेहनत और समर्पण के साथ नाइंसाफी है।

### न्यायालयीन आदेश के बाद भी क्रियान्वयन नहीं

संघ ने कहा कि न्यायालय द्वारा कई अवसरों पर शिक्षकों के पक्ष में आदेश दिए जाने के बावजूद शासन स्तर पर उनका क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। न्यायालयीन आदेशों की अनदेखी से शिक्षकों में गहरी नाराजगी और अविश्वास का भाव है। संघ ने मांग की है कि रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति दी जाए, प्रयोगशाला, पीटी, कला, संगीत और अन्य विषयों के शिक्षकों की भर्ती सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। इसके अलावा ज़ेड वर्ग के शिक्षकों को भी न्यायालयीन आदेशानुसार सेवा लाभ दिए जाएं।

### शिक्षकों का हो उचित समायोजन

ज्ञापन में कहा गया है कि विद्यालयों में अतिरिक्त कार्यरत शिक्षकों का उचित समायोजन किया जाए और शिक्षकों के जीपीएफ जमा राशि, एचआर से जुड़े प्रावधान एवं अन्य वित्तीय लाभ समय पर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि शनिवार को विद्यालयों का संचालन केवल सुबह तक रखा जाए, ताकि शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों को राहत मिल सके और शिक्षा की गुणवत्ता पर भी सकारात्मक असर पड़े।

---

# रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग



दुर्ग जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक दुर्ग में अग्रवाल समाज दुर्ग एवं अग्रवाल यूथ क्लब द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने हिस्सा लिया। इस दौरान 50 यूनिट से अधिक रक्तदान किया गया। विधायक चंद्राकर ने सभी रक्तदाताओं को नमन कर उनका धन्यवाद किया और कहा कि रक्तदान जैसे निस्वार्थ कार्य से समाज को बहुत बड़ा लाभ होता है। रक्त दान जीवन का सबसे बड़ा दान है विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि रक्तदान शिविर जैसे आयोजनों से न केवल रक्त की कमी को पूरा करने में मदद मिलती है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना भी बढ़ाने के साथ ही यह जीवन बचाने में भी मदत करती हैं। ऐसे आयोजनों में सम्मिलित होना और समाज के लिए योगदान देना एक सराहनीय कार्य है। चंद्राकर ने कहा हमें रक्त दान के महत्व को समझना चाहिए और अन्य लोगों को भी रक्त दान के लिए प्रेरित करना चाहिए। अग्रवाल समाज दुर्ग एवं अग्रवाल यूथ क्लब के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल, निशांत अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ. मनोज डॉ. जेपी मेश्राम, धीरज राव आदि मौजूद थे।

---

# गुटखा नहीं लाने की बात पर कटर से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

गुटखा-सिगरेट लाने से मना करने पर एक युवक ने दूसरे के ऊपर कटर से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से धारदार कटर जब्त किया है। जामुल थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि शाहिद कुरैशी निवासी कृष्णा नगर सुपेला ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 6 सितंबर की रात पुरानी शराब भट्टी जामुल के पास शक्ति डेढ़हे ने एक युवक को गुटखा-सिगरेट लेने जाने के लिए कहा था। जब युवक ने मना किया तो शक्ति गुस्से में आकर लोहे के धारदार कटरनुमा चीज से उसके सिर में प्राण घातक वार कर दिया। पुलिस ने आरोपी शक्ति (28 वर्ष) निवासी सतनामी पारा पुरानी बस्ती कुरुद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

■ आरोपी पुलिस गिरफ्त में
■ सुपेला थाना का मामला

---

# मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम लाखों की ठगी, पिता पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

मंत्रालय में चपरासी और बाबू की नौकरी लगाने के नाम पर कई लोगों से लाखों की ठगी करने वाले पिता पुत्र को अंजौरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि उन्होंने अब तक 12 लोगों से 70 लाख रुपए की ठगी की है। मामले में एक आरोपी फरार है। यह भी पता चला है कि आरोपियों ने धोखाधड़ी की रकम से कुथरेल में जमीन खरीदी है। पुलिस ने जिन ठगों को गिरफ्तार किया है उनकी पहचान भेषराम देशमुख और उसका बेटा रविकांत देशमुख ग्राम चिरचार थाना अर्जुंदा जिला बालोद वर्तमान पता वेटनरी कालेज कैंपस क्वार्टर नंबर एफ 4 अंजोरा चौकी दुर्ग के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि उन्होंने मंत्रालय में चपरासी के लिये ढाई लाख और बाबू के लिये 4 लाख रुपए लोगों से मांगे थे। जब उन लोगों ने 12 लोगों से

■ 12 लोगों से 70 लाख रुपए की ठगी का खुलासा



रकम ठग ली और नौकरी नहीं लगी तो लोगों ने मामले की शिकायत पुलिस में की। संतराम देशमुख ग्राम चिरचार थाना अर्जुंदा जिला बालोद ने अंजोरा पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2 जुलाई 2022 को भेषराम देशमुख के सरकारी स्टाफ क्वार्टर वेटनरी कालेज ग्राम अंजोरा में भेषराम और रविकांत देशमुख से मुलाकात हुई थी। उनके साथ उनका एक साथी अरुण मेश्राम निवासी राजनांदगांव भी था। उन्होंने मंत्रालय में सरकारी नौकरी लगाने का द्वा किया और उससे उनके बेटे दमाद की नौकरी लगाने के लिए 5 लाख रुपए ले लिया। जब नौकरी नहीं लगी तो उसने अपने रुपए वापस मांगे। आरोपियों ने जब टालमटोल करना शुरू किया तो उसने मामले की शिकायत दर्ज कराई।

---

# सेल वेतन समझौता व निजीकरण को लेकर होगा संघर्ष तेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई




स्टील वर्कर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया सीटू लंबित अपूर्ण सेल वेतन समझौता व बोनस को लेकर न्याय करने सहित मजदूर विरोधी बीओटी मांडल को वापस लेने की मांग को लेकर सेल सहित देश में संघर्ष तेज करेगा। इसमें औद्योगिक नगरी भिलाई सहित उद्योग क्षेत्र क मजदूरों की अहम भूमिका रहेगी। सीटू के राष्ट्रीय सम्मेलन में यूनियन को मजबूत करने के साथ केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नितियों के खिलाफ मजदूरों को एकजुट संघर्ष को पुरजोर तरीके से आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर के सीटू के सदस्यों के साथ भिलाई सहित छग से भी यूनियन के पदाधिकारी शामिल हुए। सीटू के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी ने बताया कि राउरकेला में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन का सीटू महासचिव तपन सेन ने उद्घघाटन किया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ओडिशा के विधायक लक्ष्मण मुंडा ने सम्मेलन के उद्धघाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की जन विरोधी नितियों के के खिलाफ लामबंद होने व सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। तपन सेन ने कहा कि पूंजीवादी व्यवस्था व निजीकरण के खिलाफ मेहनतकशों को एक होने की जरुरत है। उन्हें रोकने के लिए समाज में धर्म व जाति, भाषा एवं अन्य तरीके अपना कर विभाजन किया जा रहा हैं।

■ सीटू के राष्ट्रीय सम्मेलन में निर्णय
■ डे, रेड्डी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जगन्नाथ कार्यकारिणी में शामिल

### सरकार बीओटी मांडल वापस ले

सम्मेलन में में बीओटी मॉडल (बिल्ड ऑपरेट और ट्रांसफर) को वापस लेने की मांग की गई। महासचिव तपन सेन ने कहा कि सरकारी पैसे से निर्माण करो कुछ समय तक करो उसके बाद निजीकरण करते हुए निजी पूंजीपतियों के हवाले कर दो। विकास के लिए आधुनिकीकरण जरूरी है किंतु **BOT** मॉडल के तहत मौजूदा आधुनिकीकरण एवं विस्तारीकरण के लिए सरकार आम जनता के मेहनत का पैसा लगा रही है। सम्मेलन में सीटू नेताओं ने कहा कि पहले पांच-पांच साल का वेतन समझौता होता था बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों में प्रबंधन ने 10 साल के समझौते में धकेल दिया है। 2017 से दसवां वेतन समझौता शुरू हुआ। अभी 104 महीना बीत जाने के बाद भी वेतन समझौता की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी है वहीं प्रबंधन सेंट्रल लेबर कमिश्नर के सामने बोल चुका है कि एरियर्स देने के बारे में मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग में कुछ भी नहीं लिखा गया है इसीलिए एरियर्स देना प्रबंधन की बाध्यता नहीं है। प्रबंधन बहुमत से एमओयू कराने के बाद यह बात कह रही हैं लेकिन हम एरियर्स मिलते तक संघर्ष को जारी रखेंगे। सम्मेलन में 35 सदस्यीय राष्ट्रीय पदाधिकारियों की समिति चुनी गई और 76 सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। तपन सेन अध्यक्ष, विश्वरूप बैनर्जी कार्यकारी अध्यक्ष एवं ललित मोहन मिश्रा महासचिव व सपन सरकार कोषाध्यक्ष चुने गए। फेडरेशन के केंद्रीय समिति में भिलाई सीटू के एसपी डे एवं डीवीएस रेड्डी उपाध्यक्ष और जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी और संतोष कुमार पुष्टि कार्यकारिणी सदस्य व पी सिमैय्या सचिव एवं शशिकांत कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

---

# ओए चुनाव में बन रही रोचक स्थिति एक अनार कई दावेदार, आज तस्वीर साफ

**भिलाई।** 19 सितंबर को होने वाले बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन ओए के चुनाव में दावेदारों के लिए आगामी दो दिन तनाव बढ़ाने वाले होंगे। खासकर अध्यक्ष सहित महासचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी करने वाले सदस्य अफसरों के लिए निर्णायक होंगे। इसकी वजह तीनों में निर्धारित पद से अधिक सदस्यों ने दावेदारी की है। ओए चुनाव के लिए शनिवार को नामांकन फार्म जमा करने की अतिम तारीख समाप्त होने के बाद अब चुनाव बिसात पर रोचक स्थिति बन गई है। तीन अहम पदों से सहित विभिनन पदो के लिए कुल जमा हुए नामांकन को देखते हुए दावेदारों की एक अनार सौ बीमार वाली स्थिति पैदा हो गई है। अध्यक्ष पद के लिए 1, महासचिव के लिए 5 और कोषाध्यक्ष के लिए तीन दावेदारों ने फार्म जमा किए हैं। जोनल प्रतिनिधि के लिए भी 75 पदों के लिए 70 नामांकन जमा हो चुके हैं। नामांकन वासपी की आखिरी तरीख 9 सितंबर है।

---

सेवा पखवाड़ा जिला भाजपा ने आयोजित किया कार्यशाला

# सेवा सप्ताह में हर कार्यकर्ता दे योगदान : चुन्नीलाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा के रूप में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 15 दिवसीय अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। जिसके निमित्त सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के अध्यक्षता में संपन्न हुई। आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद उपस्थित रहे। उनके साथ सह वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री संध्या परघनिया, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ,विधायक ललित चंद्राकर, जितेंद्र साहू तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष, महापौर अल्का बाघमार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य उषा टावरी, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन, कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, अमलेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर, धमधा नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम जिला संयोजक शिवेंद्र परिहार उपस्थित रहे।




### मां भारती की सेवा के साथ जन सेवा भाजपा की प्राथमिकता

महासमुंद के पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू ने कहा कि हम सब के लिए अत्यंत हर्ष का विषय की देश के सर्वांगीण विकास एवं निरंतर ऊंचाइयों पर ले जाने वाले मां भारती के वैभव को परम शिखर की ओर ले जाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस 17 सितंबर को है। प्रधानमंत्री मोदी अपने संबोधन में कहते हैं कि पार्टी विद डिफरेंट भारतीय जनता पार्टी अन्य पार्टियों से बिल्कुल अलग है। किसी भी कार्यक्रम की संपादन उस कार्य लगे हुए कार्यकर्ताओं के आपसी तालमेल संवाद के कारण ही सब प्रतिशत सफल हो सकता है मैं आप सभी से आग्रह करता हू की सेवा पखवाड़ा में जो भी कार्य आप सभी को बताया गया है उसे आप पूर्ण करें पूर्व में भी आप सभी ने सारे कार्यक्रम संगठात्मक ढंग से और निर्धारित समय अवधि पर पूर्ण किए हैं।

### सेवाभाव के कार्य करें कार्यकर्ता

भाजपा प्रदेश मंत्री संध्या परघनिया ने हुए कहा कि होडिंगस और फिजूल खर्च ना करें उसकी जगह सेवा भाव का कार्य आप सभी करें। सेवा पखवाड़े में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिसमें एक पेड़ मां के नाम उस कार्यक्रम में जितने भी लोग उपस्थित होंगे। सभी के सभी अपने हाथों से पेड़ अवश्य लगाएंगे और उसे बड़ा होते तक देखा करेंगे।

### 17 मंडल से लेकर बूथ स्तर पर दायित्व

भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सेवा पखवाड़ा की कार्यशाला संपन्न होने जा रही है सेवा पखवाड़ा पहली बार नहीं हो रहा है। 2025 का सेवा पखवाड़ा है 17 सितंबर से 2 अक्टूबर या कार्यक्रम चलेगा। जिले में 17 मंडल और 807 बुथ है कार्यक्रम की संपादन की दृष्टिकोण से मंडलवार कार्यशाला का आयोजन भी आप सभी को करना है उसके पश्चात कार्यक्रम बुथ स्तर तक संपादित हो उसके लिए शक्ति केंद्र के संयोजक एवं सहसंयोजक को उसका दायित्व उन्हे देना है।

### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, दिलीप साहू, विनायक नातू, कांतिलाल जैन, मंत्री रोहित साहू, आशीष निमजे, दीपक चोपड़ा, मनोज सोनी अनूप सोनी दिनेश देवांगन राजा महोबिया जितेंद्र सिंह राजपूत रजनीश श्रीवास्तव विनय महोबिया वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी दिव्या कलिहारी साजन जोसेफ चंद्रकांत मंडले मंडल भाजपा अध्यक्ष महिंद्रा लोढ़ा कमलेश फेकर मनमोहन शर्मा कमलेश साहू कमलेश चंद्राकर रानी बंछोर धर्मेंद्र सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

---

राज्य स्तरीय शालेय भारोत्तोलन फेंसिंग स्पर्धा का समापन

# शरीर के मानसिक, बौद्धिक विकास के लिए खेल श्रेष्ठ माध्यम है : गजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

25वीं शालेय राज्य भारोत्तोलन और फेंसिंग प्रतियोगिता का समापन समारोह स्वामी आत्मानंद सभा हाल परिसर पाटन जिला दुर्ग में मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव की मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

■ पांच जोन के 435 बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए

कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर प्रतिभागी बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि खेल जीवन में बहुत जरूरी है। विशेषकर आज के दौर में तो बहुत जरूरी है खेल स्पर्धा। हमारे शरीर के मानसिक, बौद्धिक विकास के लिए खेल श्रेष्ठ माध्यम है।




उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी ने खेलो इंडिया अभियान चलाया है। खेल प्रतियोगिता होता है तो स्वाभाविक रूप से कंपीटिशन का भाव आता है और जीतने की ललक बनी रहती है। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेता सहित प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने ने कहा कि एक चींटी से भी हमें प्रेरणा लेनी चाहिए जो कि अपने क्षमता से अधिक भार का वहन करती हैं। उन्होंने नारायणपुर जिले के मलखम खेल के संबंध में भी अवगत कराते हुए कहा कि दुर्ग जिला के कोच नारायणपुर जाएंगे और सीखकर आयेंगे जिससे कि हमारे यहां के बच्चे भी मलखम में नाम रोशन करें।

## हड़ताल : रोटी पर सम्मान, न्याय और गारंटी लिखकर किया प्रदर्शन

# एनएचएम कर्मचारियों की बेमुद्दत हड़ताल 22 वें दिन भी लगातार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर प्रांतीय आव्हान पर गत 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डंटे प्रदेश सहित जिलेभर के एनएचएम कर्मचारियों ने अपने चरणबद्ध आंदोलन के तहत हड़ताल के 22 वें दिन रोटी के ऊपर सम्मान, न्याय और गारंटी की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।

मुख्य रूप से नियमितिकरण, ग्रेड पे का निर्धारण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, अनुकंपा नियुक्ति और अन्य 10 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले 22 दिनो से जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित राजमहल चौक के पास धरना प्रदर्शन स्थल में बैठे हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि उन्होने रोटी के ऊपर सम्मान, न्याय और गारंटी लिखकर प्रदर्शन किया। उन्होने कहा कि एनएचएम कर्मचारी वर्षो से स्वास्थ्य विभाग में अपनी निःस्वार्थ सेवाएं दे रहे हैं लेकिन शासन द्वारा उन्हें कोई सम्मान नहीं दिया जा रहा है। वे अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले कई वर्षो से संघर्ष करते आ रहे हैं लेकिन सरकार ने आज पर्यंत उन्हें न्याय नहीं दिया है। करीब दो वर्ष पूर्व भाजपा ने सत्ता में आने के बाद मोदी की गारंटी के तहत सौ दिनो के भीतर नियमितीकरण का वादा किया था लेकिन आज तक इस गारंटी को पूरा नहीं किया गया है। जिससे एनएचएम कर्मचारियों में खासी नाराजगी और असंतोष व्याप्त है। हड़ताली कर्मचारियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्य का विषय है कि सरकार उनकी जायज मांगो को पूरा करने की बजाए उनके विरूद्ध दमनात्मक कार्यवाही कर उन्हें डराने और धमकाने का कार्य कर रही है लेकिन कर्मचारी इससे डरने वाले नहीं है। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी हाल ही में इन हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों द्वारा सीएमएचओ को सामूहिक इस्तीफा भी सौंप दिया और अपनी मांगों को कायम रहते हुए अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल को जारी रखे हुए हैं। कर्मचारियों का स्पष्ट कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं की जाती उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल के 22 वें दिन कवर्धा धरना प्रदर्शन स्थल में मुख्य रूप से शशिकांत शर्मा संरक्षक जेम्स जॉन, प्रदीप सिंह ठाकुर, विनिष जॉय, भास्कर देवांगन, वीर सिंह साहू, डॉ दीपक ध्रुव, डॉ निलेश चंद्रवंशी, डॉ चंचला, डॉ प्रशांत, डॉ मुकुंद राव, गेमेश चौधरी, सौरभ तिवारी, रुपेश साहू, संगीता भगत, जयंत कुमार, आनंद दास, छवि साहू, टीकाराम, भवानी सिंह, हेमराज ठाकुर, धीरज महोबिया, धुर्वा साहू, इंदु तिर्की, मोनी जायसवाल, विजय कश्यप,निखिल बांधेकर, दुर्गेश गुप्ता, चंदन टेकाम, रमेश कौशिक भगवंतिन पुसाम, ललिता वर्मा, दुर्गेश्वरि मरावी, शैलेंद्र केशरवानी, शिल्पा बक्शी रामकृष्ण चंद्रवंशी, वनिता पिस्दा, अंशुल थूदगर आदि सैकड़ों कि संख्या में कर्मचारी साथी उपस्थित थे।

### आज राधा कृष्ण तालाब में जल सत्याग्रह



यहां बताना लाजिमी होगी हड़ताली एनएचएम कर्मचारी अपने मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकृष्ट कराने की मंशा उसे लगातार अलग-अलग ढंग से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को जिले के एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर जल सत्याग्रह किया जाएगी। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत कर्मचारी जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित राधा कृष्ण तालाब में एकत्रित होकर जल सत्याग्रह करेंगे।

# 32 पौवा अवैध शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

थाना सहसपुर लोहारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी में संलिप्त आरोपी को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की है।



गिरफ्त में आए आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 204/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स. लोहारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी लाल कृष्ण साहू पिता स्व. रामु साहू, निवासी कोयलारी थाना सिंहनपुरी, अवैध शराब तस्करी के कारोबार में सक्रिय इस सूचना पर थाना सहसपुर लोहारा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी के ठिकाने में दबिस देकर आरोपी के कब्जे से कुल 32 पौवा देशी शराब बरामद की है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। इस कार्रवाई में एएसआई लेखपाल साहू, आशीष सिंह, प्रधान आरक्षक शमशेर अली, आरक्षक जीतू सिंह एवं सुरेश चंद्रोल का विशेष योगदान रहा। कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में की गई। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में की गई है।

कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिले में अवैध शराब का कारोबार करने वाले किसी भी कोचिये को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। कबीरधाम पुलिस निरंतर दबिश देकर ऐसे अपराधियों को कानून के दायरे में लाती रहेगी। अवैध शराब बेचने, ढोने या छिपाने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि कहीं पर भी अवैध शराब की बिक्री या परिवहन की जानकारी हो, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। आपकी सूचना गोपनीय रखी जाएगी और अवैध कारोबारियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### पुरस्कार के लिए शासन ने मांगे आवेदन

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं में वीरता, अदम्य साहस एवं आत्मबल सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला को प्रतिवर्ष वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस सम्मान के अंतर्गत चयनित महिला को 2 लाख रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका प्रदान की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र महिलाएं निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र 26 सितंबर 2025, सायं 05.30 बजे तक जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम में प्रस्तुत कर सकती हैं।

### रोजगार सृजन कार्यक्रम किया जाएगा आयोजित

**कवर्धा।** स्वयं का रोजगार स्थापित करने में सहायक केंद्र प्रवर्तित योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कबीरधाम को वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत 16 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि योजनान्तर्गत बैंको के माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र में अधिकतम 50 लाख तथा सेवा क्षेत्र में अधिकतम 20 लाख का ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

पेज 11 का शेष

### सिक्ख समाज ...

तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व और भाई सती दास जी, भाई मति दास जी, भाई दयाला जी के 350वें शहीदी शताब्दी पर्व के अवसर पर आयोजित की जा रही है। - गुरु गोबिंद सिंघ जी के 350वें गुरता गद्दी के अवसर पर भी यह यात्रा महत्वपूर्ण है।

# हादसे में मोटर साइकिल सवार पुत्र की मौत, पिता गंभीर

## अज्ञात स्कार्पियो चालक ने मारी ठोकर, आरोपी फरार



■ पंडरिया-बजाग मार्ग में ग्राम मुनमुना के पास हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीते रविवार को जिले से होकर गुजरने वाले पंडरिया-बजाग मार्ग में एक बार फिर भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें मोटर सायकल सवार पिता-पुत्र में से पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पिता गंभीर रूप घायल बताया जा रहा है जिसे पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि इन मोटर सायकल सवारों को किसी अज्ञात स्कार्पियो वाहन चालक ने ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस अब आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है लेकिन अभी तक आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम करीब 5.00 बजे मध्यप्रदेश बजाक के ग्राम तरच निवासी चैन सिंह अपने पिता महेश सिंह के साथ अपनी मोटर सायकल से वापस अपने गांव लौट रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान पंडरिया-बजाग मार्ग में ग्राम मुनमुना के पास चिथरहिन घाट के आगे मोड़ में किसी अज्ञात स्कार्पियो वाहन चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें अपनी चपेट में ले दिया।

इस दुर्घटना में जहां चैन सिंह के सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई वहीं महेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी स्कार्पियो वाहन चालक मौके से फरार हो गया। बाद में राहगीरों ने घटना की जानकारी डॉयल 112 को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डॉयल 112 की टीम ने दोनो को अस्पताल पहुंचाया।

जहां चिकित्सकों ने चैन सिंह को मृत घोषित कर दिया वहीं महेश का ईलाज जारी है। दूसरी तरफ अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर अज्ञात स्कार्पियो वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसकी तलाश की जा रही है लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

### मिनी माता सम्मान पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं समग्र उत्थान में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला अथवा अशासकीय संस्था को प्रतिवर्ष मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान)से अलंकृत किया जाता है। इस सम्मान के अंतर्गत चयनित महिला अथवा संस्था को 2 लाख रूपए की सम्मान राशि एवं प्रशस्ति पट्टिका प्रदान की जाएगी। विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के लिए यह पुरस्कार प्रेरणा का माध्यम है। इच्छुक एवं पात्र महिला/अशासकीय संस्था निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र दिनांक 26 सितंबर 2025, सायं 5:30 बजे तक जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम में जमा कर सकती हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी एवं निर्धारित आवेदन प्रारूप कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कबीरधाम के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पात्र व्यक्ति अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

# पितृ पक्ष के पहले दिन जातकों ने किया तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हिन्दू पंचांग के अनुसार सोमवार 8 सितम्बर से पितृ पक्ष का पर्व आरंभ हो गया है। पितृ पक्ष की शुरुआत होते ही कवर्धा नगर सहित अंचल के श्रद्धालुओं में अपने पितरों को तर्पण अर्पित करने की परंपरा निभाई गई। सुबह से ही नदी, तालाबों एवं पवित्र जल स्त्रोतों के तटों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने स्नान, ध्यान और संकल्प कर अपने दिवंगत पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। पितृ पक्ष को पूर्वजों की स्मृति और उनके प्रति आभार प्रकट करने का पर्व माना जाता है। मान्यता है कि इस अवधि में किए गए तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म से पितरों की आत्मा को शांति प्राप्त होती है और परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इसी परंपरा को निभाते हुए नगर के विभिन्न घाटों तथा तालाबों पर श्रद्धालुओं ने तिल, कुश, जल और पुष्प अर्पित कर विधिविधान से पितृ तर्पण किया। इस दौरान नगर के प्रमुख तालाबों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की चहल-पहल देखने को मिली। कई परिवार अपने घर के बड़े-बुजुर्गों के मार्गदर्शन में सामूहिक रूप से पितृ तर्पण करते नजर आए। वहीं, पुजारियों और पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच तर्पण एवं पिंडदान की विधि संपन्न कराई गई। पितृ पक्ष की यह अवधि अमावस्या तक चलेगी, जिसके दौरान प्रतिदिन लोग अपने पितरों को तर्पण कर पुण्य अर्जित करेंगे। स्थानीय ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि पितृ पक्ष में श्रद्धापूर्वक किया गया तर्पण न केवल पितरों को मोक्ष प्रदान करता है, बल्कि परिवार में संतोष, शांति और समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त करता है। कवर्धा नगर में पितृ पक्ष के पहले ही दिन आस्था और परंपरा का संगम देखने को मिला, जिसमें लोगों ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धा और समर्पण के साथ तर्पण अर्पित किया।



### गुरुकुल में अग्नि से सुरक्षा संबंधी प्रदर्शन व प्रशिक्षण



**कवर्धा।** गगुरुकुल पब्लिक स्कूल में अग्निशमन आपातकालीन सेवाएं तथा नगर सेना कबीरधाम द्वारा विद्यार्थियों तथा समस्त शैक्षणिक गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को अग्नि संबंधित आपातकाल में इससे बचने के सुरक्षा संबंधी बचाव प्रशिक्षण का प्रदर्शन कुशल प्रशिक्षकों द्वारा किया गया। इन प्रशिक्षकों में प्रभारी केके श्रीवास्तव, मेजर शशी कपूर झारिया, बीसीपीओ सुरेन्द्र कुमार दुबे, चालक घनश्याम शर्मा, फायर मैन राजेश रामजी, सैनिक विकास तिवारी, शामिल थे। इन लोगों ने सभी के सामने आग के निर्माण, प्रकार तथा अग्निकांड की संभावना की जानकारी दी। अग्निकांड हो जाने पर उससे बचने के उपाय भी बतलाए। उन्होने बताया कि सभी के घर में सिलेन्डर होना आम बात है। सिलेन्डर में कभी भी गैस लीक के कारण आग लग सकती है। इसे हम गिले कपड़े से या बाल्टी से ढककर आक्सीजन को खत्म करके आग बुझा सकते है। इसे हम सीओटू या एबीसी पावडर के द्वारा भी बुझा सकते है। पेट्रोल, तेल, टायर, जैसे ज्वलनशील पदार्थो को पानी से नहीं बुझाया जा सकता इसे एबीसी पावडर से बुझा सकते है। आग बड़ी मात्रा में फैल जाय तो फोम केमिकल के द्वारा बुझाया जा सकता है। इसे एकवाश फिल्म फारमिंग फोम (ट्रिपल एफ) से बुझा सकते है। कोयला, कागज, कपड़ा, मे लगने वाली सामान्य आग को एबीसी पाउडर के द्वारा बुझाया जा सकता है। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न प्रकार के फायर एक्सटिंग्विशर से आग बुझाने का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों से भी प्रदर्शन करवाया गया। उन्होने बतलाया कि अगर आग भीषण रूप ले ले तो आपातकालीन नम्बर 102 या 112 पर काल करके मदद ली जा सकती है। इस प्रकार विद्यालय, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को अग्नि से सुरक्षा संबंधी जानकारी मिली। जो उन्हें आपातकालीन स्थिति में स्वयं एवं दूसरों को बचाने का साहस दे सकता है। इस प्रशिक्षण से संस्था के अध्यक्ष, अन्य पदाधिकारीगण तथा प्राचार्य ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को कहा कि इन उपायों को समझकर आपताकाल में अपनी सुरक्षा एवं दूसरों की मदद करें।

### प्लेटफॉर्म वर्कर्स का ई-श्रम पोर्टल में पंजीयन 9 से 19 सितम्बर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यरत प्लेटफॉर्म वर्कर्स जैसे जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकीट, इंस्टामार्ट, उबेर, ओला, रैपिडो, फ्लिपकार्ट, अमेंजन एवं अन्य प्लेटफॉर्म आधारित डिलीवरी पर्सन को ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत कर पहचान पत्र जारी किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत 09 सितम्बर से 19 सितम्बर 2025 तक निर्धारित अवधि में कार्यालयीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो वर्कर्स का पंजीयन कराएंगे। संबंधित संस्थान में कार्यरत सभी वर्कर्स को सूचित किया जाता है कि वे आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, सक्रिय मोबाइल नंबर के साथ निर्धारित कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पंजीयन अवश्य कराएं।

## पुरानी परम्पराओं के अनुसार ग्रहणकाल में पीतल की परात में पानी भरकर खड़ा किया गया मूसल

# साल का अंतिम चंद्रग्रहण सम्पन्न, लोगों ने ग्रहणकाल में किए धार्मिक अनुष्ठान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

इस वर्ष का अंतिम चंद्रग्रहण सोमवार की रात सम्पन्न हुआ। खगोलविदों के अनुसार यह चंद्रग्रहण रात 9 बजकर 58 मिनट से प्रारंभ होकर 1 बजकर 26 मिनट तक चला। कुल 3 घंटे 28 मिनट तक चले इस खगोलीय घटना को लेकर पूरे देश में उत्सुकता रही। वहीं धार्मिक दृष्टि से भी ग्रहण का विशेष महत्व होने के कारण लोगों ने परंपरानुसार कई अनुष्ठान व सावधानियाँ अपनाई। ग्रहण शुरू होने से पूर्व ही सूतक काल लागू हो गया था। मान्यताओं के अनुसार सूतक काल में देवालयों के पट बंद कर दिए जाते हैं, अतः इस दौरान नगर के प्रमुख मंदिरों के द्वार भी श्रद्धालुओं के लिए बंद रहे। ग्रहण समाप्ति के बाद विधि-विधान से स्नान व पूजा अर्चना करने के उपरांत मंदिरों के पट खोले गए और आरती की गई। ग्रहण काल में लोगों ने भगवान के स्मरण, मंत्र जप और भजन-कीर्तन में समय व्यतीत किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप इस दौरान खान-पान पर विशेष संयम बरता गया। कई श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर ग्रहण की अवधि पूरी होने के बाद ही भोजन ग्रहण किया। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को ग्रहण के समय घर से बाहर न निकलने और तेज धारदार वस्तुओं का प्रयोग न करने जैसी परम्परागत सावधानियों का पालन कराया गया। वहीं, नगर में कई स्थानों पर वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार लोगों ने पीतल की परात में पानी भरकर उसमें मूसल खड़ा किया। ऐसा करने के पीछे मान्यता है कि इससे ग्रहण का नकारात्मक प्रभाव कम होता है और घर-परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। बड़ी संख्या में परिवारों ने इस परंपरा का पालन किया। ग्रहण समाप्त होने के बाद श्रद्धालुओं ने स्नान कर दान-पुण्य भी किए। धर्मगुरुओं के अनुसार चंद्रग्रहण और सूर्यग्रहण दोनों ही काल आत्मशुद्धि व साधना का विशेष समय माना जाता है। इस दौरान भगवान के नाम का स्मरण करना, ध्यान-धारणा करना और दान करना अत्यंत फलदायी माना गया है। आखिरी चंद्रग्रहण के साक्षी बने लोगों ने इसे अद्भुत अनुभव बताया। खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले युवाओं ने दूरबीन और कैमरे के माध्यम से चंद्रग्रहण का अवलोकन कर इस खगोलीय घटना को अपने कैमरों में कैद किया। धार्मिक आस्था और वैज्ञानिक जिज्ञासा के बीच संतुलन बनाते हुए इस साल का अंतिम चंद्रग्रहण श्रद्धा, संयम और उत्सुकता के साथ सम्पन्न हुआ।

# निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के आम नागरिकों के स्वास्थ्य संवर्धन और रोग निवारण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आज कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम झलमला के बाजार चौक में विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश में आयुष विभाग द्वारा व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई। मेले में आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न रोगों का निःशुल्क उपचार किया गया। साथ ही लोगों को निरोगी जीवन जीने के लिए आयुर्वेद के प्रभावकारी सिद्धांतों और योग की विधियों की जानकारी भी दी गई। शिविर में 463 लोगों की स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेद औषधियां दी गई और आयुष कार्ड का वितरण किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजय श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में वात रोग, चर्म रोग, पेट के रोग, बच्चों के रोग, बवासीर, स्त्री रोग, पुरानी खांसी-श्वास, सर्दी-जुकाम, बुखार, पीलिया, मधुमेह, निम्न व उच्च रक्तचाप, सिकलीन एवं वृद्धजन से जुड़े रोगों का निःशुल्क उपचार किया गया। साथ ही वर्षा ऋतु में होने वाले रोगों के लक्षण व उपचार की जानकारी दी गई। शिविर में योग परामर्श जैसे योग विशेषज्ञों द्वारा दैनिक जीवन में योग को अपनाने के सरल उपाय बताए जाएंगे। शिविर में डॉ. गिरिश साहू, डॉ. बॉबी चंद्रवंशी, डॉ. पवन साहू, डॉ. कविता चंद्रवंशी, डॉ. प्रेमलाल, फ्रामिस्ट विद्यासिंह धुव्र, धनेश कौशिक, चैतराम टंडन एवं औषधालय मिश्रीलाल पटेल ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर संरपंच ओमप्रकाश चंद्रवंशी, उपसरपंच राजेन्द्र चंद्रवंशी सहित ग्रामीण, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

